(ग) सरकार ने इन लोगों को कौन कौन सी सुविधायें दी हैं ?

कृषि उपमंत्री (श्री मो० वें० कृष्णप्पा) : (क) से (ग). आवश्यक जानकारी इकट्ठी की जा रही है और मिलते ही हाउस की टेबल पर रख दी जायेगी ।

हिमाचल प्रदेश में बत्तख-पालन

१६७८. श्री पद्म देव : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमाचल प्रदेश के किन-किन स्थानों पर बतख-पालन का काम चालू है;

(ख) क्या इस दिशा में सरकार ने कोई प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की है और यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है; और

(ग) वर्ष १९६० में लोगों में कितनी बतखें बांटी गई ?

कृषि उपमंत्री (श्री मो० वें० कृष्णप्पा) : (क) से (ग). आवश्यक जानकारी इकट्ठी की जा रही है और मिलते ही हाउस की टेबल पर रख दी जायेगी ।

हिमाचल प्रदेश के अस्पतालों में 'डाक्टरों' की कमी

१६७९. श्री पद्म देव : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष १९६० में हिमाचल प्रदेश में कितने अस्पताल बिना डाक्टरों के रहे और कितने अस्पतालों में डाक्टरों के स्थान पर कम्पाउंडर कार्य करते रहे; और

(ख) डाक्टरों के अभाव के क्या कारण हैं और इस अभाव को दूर करने के लिए सरकार क्या पग उठा रही है ?

स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन पटल पर रख दी जायेगी।

हिमाचल प्रदेश में अस्पताल

१६८०. श्री पद्म देव : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को विदित है कि हिमाचल प्रदेश के सर्द इलाकों के अस्पतालों में रोगियों को शीत से बचाने के लिए सन्तोषजनक प्रबन्ध नहीं है;

(ख) क्या सरकार को यह भी विदित है कि इन अस्पतालों से शीत के कारण कई रोगी बिना पूर्ण स्वस्थ हुए अपने घर चले जाते हैं; और

(ग) रोगियों की दिक्कत दूर करने के लिए क्या पग उठाने का विचार है ?

स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन पटल पर रख दी जायेगी ।

मछली पकड़ने का प्रशिक्षण

१६८१. { श्री नवल प्रभाकर :
श्री भक्त दर्शन :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का जापान सरकार की सहायता से देश में मछली पकड़ने का प्रशिक्षण आरम्भ करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसके लिये स्थान का चुनाव कर लिया गया है;

(ग) यदि हां, तो यह प्रशिक्षण कहां दिया जायेगा; और

(घ) एक बार में कितने लोग प्रशिक्षित किये जायेंगे ?